'निवेश के मामलों में देरी नहीं चलेगी'

सीएम ने अफसरों से कहा-तय समय सीमा में दूर करें समस्याएं

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान किया जाए। निवेश और उद्योग से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

योगी ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। प्रार्थनापत्रों को गंभीरता से लेते हुए सीएम ने संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जिला प्रशासन को समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से कहा कि हर समस्या का निस्तारण तय समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम ने नाराजगी जताई और कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

लखनऊ में सोमवार को जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने बच्चे को चॉकलेट देकर दुलारा।

अभिभावकों के साथ आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट दी और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। योगी ने बच्चों को सलाह दी कि किताबें पढ़ें। सोशल मीडिया का उपयोग उतना ही करें, जितनी आवश्यकता हो। इसका अत्यधिक उपयोग घातक है। मोबाइल का भी कम इस्तेमाल करें।